Title: Need to provide more financial aid as per Gadgil formula for all round development of Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : मान्यवर उपाध्यक्ष महोदय, तीन राज्यों - बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के विभाजन के बाद मुझे आज प्रसन्नता है कि मैं सबसे बड़े प्रान्त और उसकी राजधानी का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। आज राजस्थान की आबादी लंका से पांच गुना ज्यादा है, ब्रिटेन से भी ज्यादा है, अन्य प्रदेशों से भी ज्यादा है और हिन्दुस्तान में तो सबसे ज्यादा ही है। मेरा निवेदन है कि जनसंख्या की दृटि से राजस्थान इस समय भारतर्वा के नक्शे में सर्वप्रथम आता है, राट्रीय राजधानी अलवर तक का क्षेत्र इसमें आता है। इसके साथ-साथ पाकिस्तान के साथ जो सीमा जुड़ी हुई है, उसमें भी राजस्थान का सबसे बड़ा हिस्सा आता है। आज राजस्थान को जितनी सहायता मिलनी चाहिए, उतनी सहायता नहीं मिल पा रही है। गार्डगिल फार्मूले में कहा गया है कि जहां रेगिस्तान और सारी नदियों का एक प्रतिशत पानी मिलता हो, उस प्रदेश को बहुत ज्यादा सहायता मिलनी चाहिए। मेरा अनुरोध है कि वर्तमान परिस्थितियों के आधार पर गार्डगिल फार्मूले के तहत राजस्थान को अधिक सहायती दी जाए। राजस्थान हिन्दुस्तान का सर्वोपरि प्रदेश है।